QP CODE: 21102960

21102960

Reg No : .....

Name : .....

UNDER GRADUATE (CBCS) REGULAR/SUPPLEMENTARY EXAMINATIONS, OCTOBER 2021

Fourth Semester

Common Course II - HN4CCT01 - HINDI - DRAMA AND LONG POEM

(Common for all Model I B.A/B.Sc Programmes)

For Regular Candidates : 2019 Admission only

For Private Candidates : 2017 Admission Onwards

775D12F6

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

Instructions to Private candidates only**: This question paper contains **two sections**. Answer **SECTION I** questions in the answer-book provided. **SECTION II**, Internal examination questions must be answered in the question paper itself. Follow the detailed instructions given under **SECTION II

SECTION I

Part A

किन्ही **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कोणार्क किसकी रचना है? 'कोणार्क' रचना कितने अंकों में विभक्त हैं?
2. विशु कौन है? उनका वास्तविक नाम क्या है?
3. विशु की प्रेमिका कौन-थी? उन्होंने अपनी प्रेमिका की उपेक्षा क्यों की थी?
4. कोणार्क के प्राँगण में व्याप्त विभीषिका क्या थी?
5. महामात्य ने उत्कल नरेश से कौन-सी झूठी बात कही थी?
6. नाटक के अंत में कोणार्क मंदिर की हालत क्या थी?
7. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' किसकी कविता है? किस संकलन की कविता है?
8. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में चित्रित विषय क्या है?
9. शहंशाह की सुकून भरी नींद के पीछे क्या क्या लगा हुआ है?
10. पनून कश्मीर' क्या है ? उसका नारा क्या है ?
11. नीलेश रघुवंशी किन -किन सम्मानों से पुरस्कृत हुई ?
12. ससुराल से आई लड़कियाँ रहती थी प्रतीक्षा मैं कुछ सोते कुछ जागते '-यह किस कविता का भाग है? और उसका लेखक कौन है?

(10×2=20)

Part B

किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

13. "हाथों में मंजीर देखते हो ?मंजीर बजाने की भंगिमा यदि नहीं हो तो वह नाट्याचार्य की मूर्ति क्योंकर लगेगी ? और यदि मंजीर बजाना है तो सुवर्ण-श्रृंखला कलाईयों में कैसे ठहर सकती है !" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

14. 'महामात्य को आने दो! उनके आने में अधिक विलम्ब न होगा। .....और इस बीच में हम चाहते हैं कि मूर्ति-वंदना से पूर्व ही हम कोणार्क के निर्माता, अपने प्रधान शिल्पी का, उन्हीं के कक्ष में समादर करें।...." a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'कैसी अद्भुत थी मेरी माँ!... आँधियों के निर्दय झकझोर से भी न झुकनेवाले ताल-वृक्ष की तरह। मुझे गोदी में लिए, बहुत पहले, जब वह नगर में आई थी, तो कौन उसका सहायक था? मजदूरी करके, गरीबी के कष्ट और वैभव के अपमान सहकर उसने मुझे पाला।" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "शिल्पी तुम विष्णु हो, शंकर नहीं। निर्माता हो, संहारक नहीं। ....और फिर ये स्तम्भ और ये पाषाण!"

17. सप्रसंग व्याख्या करे। "मैं चाहता हूँ यदि शिखर पूरा हो जाए, तो एक दिन के लिए सिर्फ एक दिन के लिए मंदिर-प्रतिष्ठापन के दिन आप अपने सब अधिकार मुझे दे दें।"

18. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में पुत्री ने अपने पिता से वर के किन-किन दोषों की चर्चा की है?

19. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। और उस दिन, उस पल/ शहंशाह को जगाया नहीं गया, क्योंकि/ दुनिया ठीक वैसे ही चलती रही/ हवाएँ ठीक उसी दिशा में बहती रहीं, और/ हम और आप ठीक वैसे ही हर दिन की तरह / सिर्फ बनें रहे तमाशबीन।

20. कश्मीर समस्या का संक्षिप्त परिचय दीजिए ?

21. क्या तुम भी नहीं टहल पाओगे माँ के साथ सड़कों पर, कभी नहीं पढ़ पाओगे क्या आराम कुर्सी पर बैठकर अखबार-सप्रसंग व्याख्या लिखिए?

(6×5=30)

Part C

किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

22. कोणार्क मंदिर सृष्टि और संहार का शिकार बना था।' नाटक के आधार पर इस तथ्य को साबित कीजिए।

23. कोणार्क नाटक के किन्हीं तीन पात्रों को चुनकर उनकी चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

24. 'शहंशाह की नींद' नामक कविता द्वारा कवि ने किस सामाजिक यथार्थ को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है?

25. कविता अनुभव से बड़ी बनती है,कथ्य और शिल्प की कारीगरी से नहीं-जवाहर टनल कविता के संदर्भ में इस कथन की प्रासंगिकता पर आलेख लिखिए।

(2×15=30)